संख्या-135/2023/आई/281743/41-1002(001)/125/2022-110(बजट)/2019

प्रेषक,

रामेश्वर सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊः दिनांक 28 फरवरी, 2023

विषय-जनपद मथुरा के गोवर्धन पर्वत की तलहटी में परिक्रमा मार्ग के पर्यटन विकास कार्य की परियोजना को निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पर्यटन निदेशालय के पत्र संख्या-3670/6-1-1(28)/ ब्र0ती0वि0प0/2018-19, दिनांक 23 अगस्त, 2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपद मथुरा के गोवर्धन पर्वत की तलहटी में परिक्रमा मार्ग के पर्यटन विकास कार्य की परियोजना को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. ज्ञातव्य है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रश्नगत प्रायोजना हेतु पर्यटन अनुभाग, उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-254/2019/2780/41-2019-110(बजट)/2019, दिनांक 26 नवम्बर, 2019 द्वारा उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए धनराशि रू0 1750.76 लाख+जी0एस0टी0 (वास्तविक भुगतान के आधार पर) की प्रशासकीय एवं प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू0 700.30 लाख (रु0 सात करोड़ तीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी।

3. अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद मथुरा के गोवर्धन पर्वत की तलहटी में परिक्रमा मार्ग के पर्यटन विकास कार्य की परियोजना को सम्यक विचारोपरांत इस शर्त के साथ निरस्त किया जाता है कि परियोजना हेतु अवमुक्त की गयी धनराशि ब्याज सहित राजकोष में जमा कराकर 01 सप्ताह में शासन को सूचित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

4- उक्त के अतिरिक्त मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि परियोजना हेतु भूमि की निर्विवाद उपलब्धता सुनिश्चित हुए बिना ही धनराशि कार्यदायी संस्था को किन कारणों एवं परिस्थितियों में निर्गत कर दी गयी थी, की सूचना शासन को उपलब्ध करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(रामेश्वर सिंह)
अनु सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>:-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- उपाध्यक्ष, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा।
4- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा।
5- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0।
6- महा प्रबन्धक, इटावा अंचल, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0।
7- परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 राजकीया निर्माण निगत लि0, सूडा इकाई-मथुरा।
8- वरिष्ठ कोषाधिकारी, मथुरा।
9- उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
10- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
12- गार्ड फाईल

आज्ञा से,

(रामेश्वर सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।